Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:14 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:21 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 25 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 10 जुलाई 2026



सनी देओल ने फैंस की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### स्कूलों की छुट्टी का भ्रामक आदेश वायरल, प्रशासन ने किया खंडन

अल्मोड़ा। बारिश की संभावना को देखते हुए शुक्रवार को जिले के स्कूलों में छुट्टी का भ्रामक आदेश सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसको लेकर अभिभावकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। मामला संज्ञान में आने पर प्रशासन ने इस खंडन किया। जिला सूचना कार्यालय की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि कई स्रोतों से संज्ञान में आया है कि 10 जुलाई को वर्षा के दृष्टिगत शैक्षिक संस्थानों में अवकाश के संबंध में एक भ्रामक पत्र प्रसारित किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। जिला आपदा परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार के लिए जिले में किसी भी प्रकार का अवकाश घोषित नहीं किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए भविष्य में अवकाश घोषित किया जाता है तो इसकी सूचना आधिकारिक माध्यमों से पृथक रूप से जारी की जाएगी।

### सौर ऊर्जा से पहली बार जगमगाया मुनस्यारी का दूरस्थ गांव पातलथौड़

**पिथौरागढ़।** मुनस्यारी विकासखंड के सबसे दूरस्थ और दुर्गम माइग्रेशन गांव का सालों पुराना अंधेरा आखिरकार छंट गया है। यह सीमांत गांव अब सोलर लाइट की रोशनी से जगमगा उठा है। बिजली पहुंचने से जहां एक ओर ग्रामीणों के जीवन में नया उजाला आया है, वहीं दूसरी ओर रात के समय जंगलों से आने वाले हिंसक वन्य जीवों का खतरा भी अब कम हो जाएगा। मुनस्यारी विकासखंड के दूरस्थ गांव पातलथौड़ के ग्रामीण हर साल मवेशियों के साथ छह महीने तक निवास करते हैं। जाड़ों में ग्रामीण गांव छोड़कर निचले इलाकों में माइग्रेशन करते हैं। गांव में रोशनी की कोई व्यवस्था न होने से ग्रामीण परेशान थे। उन्हें मोमबत्ती के सहारे घरों को रोशन करना पड़ रहा था। वहीं अंधकार में वन्य जीवों का खतरा भी बना हुआ था। अब ग्रामीणों की यह समस्या दूर हुई है। विकास विभाग की तरफ से गांव को सोलर लाइट से रोशन किया गया है।

# चार जिलों में ऑरेंज, तीन में भारी बारिश का रेड अलर्ट कई जिलों में स्कूल बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में आज भी भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यूएसनगर, नैनीताल और चंपावत के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में मौसम विभाग की ओर से सबसे गंभीर स्तर की चेतावनी जारी की गई है।



इसके अलावा देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर और हरिद्वार में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से इन सातों जिलों में प्रशासन को तत्काल एहतियाती कदम उठाने की चेतावनी दी गई है। पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 घंटे पूरे उत्तराखंड में खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में और नदी-नालों के किनारे रहने वालों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। सात जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं।

इसके अलावा बाकी जनपदों में भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश के अलर्ट के चलते आज प्रदेश के कई जिलों में 12वीं तक के सभी तरह के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। देहरादून, हरिद्वार, चमोली, पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, नैनीताल जिले में जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है।

### प्रदेश में बारिश ने बरपाया कहर, 115 सड़कें बंद

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। सड़कों पर मलबा आने से कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 115 सड़कें बंद हो गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक पिथौरागढ़ जिले में तवाघाट गुंजी राष्ट्रीय राजमार्ग बोल्डर गिरने से बंद है। इसके अलावा जिले में 12 ग्रामीण मार्ग भी बंद हैं। जबकि देहरादून में एक राज्य और 14 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा में 13 ग्रामीण मार्ग, रुद्रप्रयाग में तीन, चमोली में नौ, नैनीताल में पांच, उत्तरकाशी और बागेश्वर में चार-चार और टिहरी में एक राज्य और 13 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। बंद सड़कों में सबसे अधिक 31 सड़कें पौड़ी जिले की हैं। इसमें दो राज्य मार्ग, एक मुख्य मार्ग और 28 ग्रामीण मोटर मार्ग शामिल हैं।

पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण शांति

# अमेरिका-ईरान तनाव के बीच भी होर्मुज से पार हो रहे टैंकर

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच हवाई हमलों के बावजूद पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण शांति बरकरार है। ईरान ने कई जगहों पर हमले का दावा किया है, लेकिन अमेरिका ने हमले करने से इनकार किया है। जिससे लग रहा है कि दोनों पक्ष भले ही एक दूसरे पर हवाई हमले कर युद्धविराम तोड़ चुके हैं, लेकिन अभी भी पूरी तरह से लड़ाई नहीं छिड़ी है और दोनों ही पक्ष अब अपनी तरफ से शांति बरतने की कोशिश कर रहे हैं।

होर्मुज में भी स्थिति तनावपूर्ण लेकिन सामान्य बनी हुई है और होर्मुज से तेल और गैस टैंकरों की आवाजाही जारी है। 7 से 9 जुलाई के बीच जापान के ही 22 टैंकर होर्मुज से निकले हैं। इनके अलावा कई अन्य देशों के टैंकर भी सामान्य रूप से होर्मुज से गुजरे हैं। इससे पता चलता है कि होर्मुज पर ईरान ने नाकेबंदी नहीं की है, जैसा कि उसने चेतावनी दी थी। ईरान के सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि उसके



दक्षिणी राज्य बुशहर में सैन्य मुख्यालय को निशाना बनाया गया है। वहीं अमेरिका ने हमले की बात से इनकार किया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस्राइल ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बताया कि उनके पास खुफिया जानकारी है कि ईरान ट्रंप की हत्या की साजिश रच रहा है। हालांकि अमेरिका या ईरान की सरकार की तरफ से इन रिपोर्ट को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि वॉशिंगटन पूर्व में दावा कर चुका है कि ईरान ने कई बार ट्रंप को मारने की कोशिश की। हाल ही में अंकारा में आयोजित नाटो सम्मेलन में भी ट्रंप ने ईरान से अपनी जान को खतरा बताया था।

लेह में शिया समुदाय के सदस्यों ने ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनकी 28 फरवरी को ईरान पर इजरायली और अमेरिकी हवाई हमलों के दौरान मृत्यु हो गई थी। अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम नमाज-ए-जनाजा (अंतिम संस्कार की प्रार्थना) आज उनके गृह नगर मशहद, ईरान के इमाम रजा दरगाह में संपन्न हुई।

# नौकरी का झांसा, लाखों की ठगी के बाद युवक को विदेश में बनाया बंधक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

विदेश में सुनहरे भविष्य का सपना दिखाकर हल्द्वानी के युवक को लाखों रुपये की चपत लगाने और फिर विदेश भेजकर बंधक बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। माल्टा में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित इमीग्रेशन रैकेट ने युवक से तीन लाख रुपये से अधिक की रकम ऐंठ ली। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज थमाने के बाद उसे मलेशिया भेज दिया गया, जहां 10-12 अन्य युवकों के साथ एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। पुलिस से राहत नहीं मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ।

मझा गोरखपुर निवासी गौरव के अनुसार वर्ष 2024 में इंटरनेट के माध्यम से उसकी मुलाकात दीपिका नाम की महिला से हुई। महिला ने खुद को देहरादून स्थित एक इमीग्रेशन कंपनी की संचालक बताते हुए माल्टा में किचन हेल्पर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। झांसे में आकर गौरव ने मई 2024 से मार्च 2025 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 3,00,896 रुपये जमा करा दिए।

आरोप है कि रकम लेने के बाद महिला ने माल्टा की कंपनी का कथित नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराया, लेकिन लंबे समय तक वीजा नहीं मिला। बाद में उसे पहले दुबई और फिर अक्टूबर 2025 में दिल्ली के रास्ते मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर भेज दिया गया। वहां पहुंचने पर माल्टा भेजने के बजाय उसे अन्य युवकों के साथ एक छोटे से कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह जान बचाकर वह 20 अक्टूबर 2025 को भारत लौट आया।

पीड़ित का आरोप है कि वह अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी और फर्जी इमीग्रेशन गिरोह का शिकार हुआ। मामले में कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने देहरादून की महिला संचालक और उसकी दो इमीग्रेशन कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और मानव तस्करी समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एफआईआर दर्ज कर मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रेल मंत्री से मिले सीएम धामी, मुंबई-दून वंदे भारत पर केंद्र की सहमति

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में रेल नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, नई रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन और कनेक्टिविटी विस्तार को लेकर बेहद सकारात्मक चर्चा हुई।



रेल मंत्री ने मुंबई-दून वंदे भारत समेत मुख्यमंत्री की ओर से रखे गए अधिकांश प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने रेल मंत्री को बताया कि महाराष्ट्र (विशेषकर मुंबई) में उत्तराखंड मूल के लाखों प्रवासी रहते हैं। इसके अलावा बाबा नीम करौली धाम (कैंची धाम), जागेश्वर धाम और चारधाम यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने मांग की कि मुंबई-देहरादून के बीच नई वंदे भारत या सुपरफास्ट एक्सप्रेस सेवा शुरू की जाए। देहरादून-कोटा रेल सेवा का विस्तार सूरत-वड़ोदरा होते हुए मुंबई तक किया जाए। मुंबई-हरिद्वार और मुंबई-रामनगर रेल सेवाओं के फेरे बढ़ाकर इन्हें नियमित या सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाया जाए।

### चढ़ावा हेराफेरी: बीकेटीसी को दान में मिलीं दो एंबुलेंस व टैंपो ट्रेवलर गायब

**चमोली।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) में चढ़ावे की धनराशि में कथित हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद अब समिति की व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य मामलों पर भी सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला बीकेटीसी को दान में मिली दो हाईटेक एंबुलेंस और एक टैंपो ट्रेवलर से जुड़ा है। हैरानी की बात यह है कि ये तीनों वाहन वर्तमान में बदरीनाथ धाम में कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। समिति के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इन वाहनों के धाम में मौजूद होने की जानकारी नहीं है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में एक दानदाता ने बीकेटीसी को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित एक एंबुलेंस भेंट की थी।

# बेस अस्पताल में चोरों ने आईसीयू तक नहीं छोड़ा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्होंने अस्पताल के सबसे संवेदनशील वार्डों को भी निशाना बना लिया। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय के आई सी यू और पीआईसी यू में लगे एयर कंडीशनरों के कॉपर पाइप काटकर चोर फरार हो गए। हैरत की बात यह है कि यह वारदात अस्पताल परिसर के भीतर हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।




अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. खड़क सिंह दताल ने मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार, 5 जुलाई की शाम आई सी यू में लगे 8 टन क्षमता के डक्टेबल एयर कंडीशनर तथा पीआईसीयू में स्थापित दो 1.5 टन क्षमता के स्प्लिट एयर कंडीशनरों के आउटडोर कॉपर पाइप अज्ञात चोर काटकर ले गए। अस्पताल प्रशासन ने पहले अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच कराई, लेकिन चोरी से जुड़े कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब अस्पताल का आईसीयूतक सुरक्षित नहीं है, तो आम लोगों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

# नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र में भूधंसाव बढ़ा

## प्रभावित परिवारों को शिफ्ट करने के निर्देश, एसडीएम ने किया निरीक्षण, आज से शुरू होंगे बचाव कार्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शहर के सात नंबर स्थित अल्मा कॉटिज क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे भूधंसाव को देखते हुए प्रशासन हरकत में आ गया है। बृहस्पतिवार को एसडीएम नवाजिश खलिक ने लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से प्रभावित सड़क पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोकने के आदेश भी दिए।

अल्मा कॉटिज क्षेत्र में पिछले वर्ष से ही सड़क और पहाड़ी में दरारें पडने् लगी थीं। मूसलाधार बारिश के बाद सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी और पहाड़ी का बड़ा हिस्सा खिसकने से भारी मात्रा में मलबा नीचे नाले में जा गिरा था। समय पर स्थायी सुरक्षा कार्य नहीं होने से इस वर्ष मानसून में दोबारा भूधंसाव शुरू हो गयाए जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय सभासद जितेंद्र पांडे ने बताया कि लगातार हो रहे धंसाव से सड़क के ऊपर स्थित पांच और नीचे के सात परिवारों के भवन खतरे की जद में हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र स्थायी सुरक्षा कार्य कराने की मांग की है। बृहस्पतिवार को एसडीएम नवाजिश खलिक ने सिंचाई विभाग व लोनिवि के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि सुरक्षा कार्य पूरे होने तक जोखिम वाले भवनों में रह रहे परिवारों को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को शुक्रवार से बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैंए जबकि लोनिवि और अन्य संबंधित विभागों को समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।



### सीआरएसटी जिला पंचायत रोड पर सुरक्षा दीवार ढही

शहर की सीआरएसटी जिला पंचायत रोड पर सिल्वटन होटल के समीप बृहस्पतिवार सुबह सड़क की सुरक्षा दीवार ढह गई जिससे सड़क का हिस्सा भी खतरे की जद में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम नवाजिश खलिक ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के पुनर्निर्माण और आवश्यक सुरक्षा कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए।

### नैनी झील का जलस्तर पहुंचा 81.3 फीट

**नैनीताल** । सरोवर नगरी नैनीताल में ऑरेंज अलर्ट का खासा असर रहा। बीती रात शुरू बारिश सुबह तक जारी रही। 119 बारिश रिकार्ड की गई है। झील का जलस्तर 81.3 फीट पहुंच गया है। दूसरी ओर भारी बारिश ने नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी जिसकी वजह से नालों के जरिए सारा कूड़ा नैनी झील में समा गया। नगर में बीती रात से मूसलाधार बारिश का क्रम शुरू हो गया था जो सुबह तक जारी है।

इस बीच सड़कों में जलभराव हो गया तो नाले पूरे उफान पर आ गए। सूखे पड़े नाले भी उफनाए हुए है। प्राकृतिक जलश्रोत रिचार्ज हो चले हैं। जिस कारण सड़कों में पानी निरंतर चल रहा है। वर्षा रात में मूसलाधार हुई तो दिन में भी हल्की बारिश का दौर जारी था। बारिश के चलते नगर सामान्य जीवन पर बुरा असर पड़ा है। सैलानियों की आमद कम हो चली है। पर्यटन कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। मौसम के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा।



## कुविवि के कुलपति प्रो.रावत को मिला सीआरएस लीडरशिप अवॉर्ड

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत को शैक्षणिक प्रशासन एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सीआरएस लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

बता दें यह प्रतिष्ठित सम्मान 8 जुलाई को सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भारत के प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक एवं पद्म विभूषण डॉण् अनिल काकोडकर द्वारा प्रदान किया गया।प्रो. रावत को यह सम्मान उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व, नवाचार, प्रभावी शैक्षणिक प्रशासन तथा अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की दिशा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार ने इस कामयाबी पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं तथा इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया है।

विश्वविद्यालय के शिक्षकोंए अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई कामयाबियां अर्जित करेगा।

## जीआईसी बबियाड़ में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भूमि संरक्षण वन प्रभाग के ओखलकाण्डा राजि के अन्तर्गत वन पंचायत बबियाड के राजकीय इंटर कालेज में हमारा वृक्ष हमारा स्कूल व एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत इण्टर कालेज प्रांगण में वृक्षारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया।

इस दौरान तेजपात, बहेड़ा, हरड़, घिंगारु, किलमाड़ु व आंवला के पौधों का रोपण किया गया तथा इनके संरक्षण करने की शपथ कार्यक्रम किया गया तथा प्रतिभागियों को वृक्षारोपण एवं इससे पर्यावरणीय लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर वन दरोगा चन्द्रशेखर जोशी द्वारा पर्यावरण के सतत बिकास के लिए निरन्तर वृक्षारोपण करने व जंगलों को बचाने विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकों व वन रक्षक अनिल कुमार, कमल कुलौरा, शिवनारायण सिह व अनिल फुलारा के द्वारा प्रतिभाग किया गया।




## NEWS / फटाफट

### नैनीताल के सिल्वटन होटल के आगे भूस्खलन से बढ़ी दहशत

**नैनीताल** । नैनीताल के तल्लीताल से सीआरएसटी इंटर कालेज को जाने वाले मार्ग के ठीक मध्य में पडने् वाले सिल्वटन होटल के समीप भारी बारिश की वजह से हो रहे भूस्खलन से होटल व आम रास्ते को खतरा हो गया है। दूसरी ओर पालिका के क्षेत्रीय सभासद पूरन सिंह बिष्ट ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी। सभासद बिष्ट के मुताबिक उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक व लोनिवि के ईई रत्नेश सकसेना ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। बिष्ट के मुताबिक दोनों अधिकारियों से भूस्खलन को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### सूखाताल में नशा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नैनीताल** । नगर के सूखाताल क्षेत्र में नशे के कारोबार का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों का आरोप है कि युवक अपने साथियों के साथ क्षेत्र में नशीले पदार्थ बेचने आता था और छोटे बच्चों को भी नशे की लत लगाने का प्रयास करता था। स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने बताया कि एक युवक कई दिनों से अपने साथियों के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। बीरवार को भी वह क्षेत्र में बेवजह घूम रहा था। उसको पकड़ते ही उसने अपने पास मौजूद एक सफेद पुडिया झील में फेंक दी। उनका आरोप है कि युवक और उसके अन्य साथी रोजाना क्षेत्र में आकर नशे का सामान बेचते हैं। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से युवक और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग की है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### विपरीत दिशा से दौड़ रहे वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**नैनीताल** । मां नयना देवी व्यापार मंडल ने बीडी पांडे जिला चिकित्सालय से चीना बाबा चौराहे तक वन.वे मार्ग पर विपरीत दिशा से चल रहे वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि वन.वे व्यवस्था के बावजूद दोनों दिशाओं से वाहनों का संचालन होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग सड़क हादसों में घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन नहीं रुक रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसपी यातायात डॉ. जगदीश चंद्र से वन.वे मार्ग पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने और विपरीत दिशा से वाहनों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई है। व्यापार मंडल का कहना है कि इससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और आम लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। वहीं मामले में एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि जल्द ही बीडी पांडे अस्पताल से चीना बाबा मार्ग पर वन.वे व्यवस्था सखती से लागू कराई जाएगी।

### ग्रामीणों को दी सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी



**नैनीताल** । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के भीमताल बलाक के ज्योलिकोट मल्ला तथा गेठिया व तल्ला गेठिया एवं बेलुवाखान में जनसंपर्क कर डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर प्रधान ज्योलिकोट नवल किशोर आर्या समेत संजय जार्ज,अनिल कुमार, गौरव कुमार, प्रमोद कुमार, दीपा देवी, कैलाश बिष्ट, मनोज कुमार, अक्षय कुमार, सलमान, रहीम, अमित कुमार, प्रेम सिंह, महेंद्र शाह एवं अन्य लोगों से मुलाकात की।

## पर्यटक के साथ ठगी, कर्मचारी पर 61 हजार की धोखाधड़ी का प्राथमिकी दर्ज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित जोस्टेल प्लस होटल में ठहरे एक पर्यटक के साथ साइबर ठगी और पहचान चोरी के मामले में पुलिस ने होटल के एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि आरोपी ने पर्यटक के मोबाइल और बैंकिंग जानकारी का दुरुपयोग कर विभिन्न ऑनलाइन ट्रांजेकशन के जरिए 61 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है।

त्रिपुरा के उत्तर त्रिपुरा निवासी अर्नब दास ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह नौ से 12 मार्च 2026 के बीच जोस्टेल प्लस होटल नैनीताल में ठहरे थे। इस दौरान हॉस्टल में कम्युनिटी मैनेजर के रूप में कार्यरत वैभव जुयाल ने कथित रूप से उनके मोबाइल और बैंकिंग क्रेडेंशियल्स तक अनधिकृत पहुंच बना ली। शिकायत के अनुसार 10 और 11 मार्च को उनके एसबीआई और एचएसबीसी क्रेडिट कार्ड से कई ऑनलाइन लेनदेन किए गएए जबकि 14 मार्च को एक अंतरराष्ट्रीय ट्रांजेकशन का भी प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने कभी भी अपना पिन व ओटीपी या कार्ड संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं की। आरोप है कि आरोपी ने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी और एसएमएस भी छिपा दिए ताकि धोखाधड़ी का पता न चल सके। शिकायत में दावा किया गया है कि बैंक की जांच में लेनदेन का संबंध आरोपी के केवाईसी सत्यापित खाते से जुड़ा पाया गया और आरोपी ने फोन व व्हाट्सएप पर अपनी संलिप्तता स्वीकार भी कीए जिसके रिकॉर्ड शिकायतकर्ता के पास मौजूद हैं। एसएसआई दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि मल्लीताल पुलिस ने शिकायत के आधार पर गाजियाबाद निवासी वैभव जुयाल के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 305,319(2) व 336 (3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर की है। मामले की जांच की जा रही है।

### हाईकोर्ट ने वन उपज रक्षकों के हित में अहम फैसला सुनाया

**नैनीताल** । उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ ने रमेश चंद्र आर्य और अन्य वन उपज रक्षकों के हित में अहम फैसला सुनाया है । याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मांग की थी कि उत्तराखंड वन विकास निगम को उनके मासिक वेतन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण की गणना उस ग्रेड पे के आधार पर करने का निर्देश दिया जाए जो उन्हें पहले दिया जा रहा था। इसके साथ ही उन्होंने अंतर की बकाया राशि (एरियर) को बयाज सहित भुगतान करने का भी अनुरोध किया था। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि यह मामला पूरी तरह से इसी अदालत की एक समन्वय पीठ द्वारा 12 फरवरी 2025 को ललित चंद्र तिवारी बनाम उत्तराखंड राज्य मामले में दिए गए फैसले से कवर्ड है। उत्तराखंड वन विकास निगम के वकील ने भी इस तथ्य का विरोध नहीं किया और याचिकाकर्ता की दलीलों पर अपनी सहमति जताई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## वरदान या अभिशाप

*वर्तमान में सोशल मीडिया का विस्तार तेजी से हुआ है। कई मामलों में यह वरदान की जगह अभिशाप साबित हो रहा है। खतरनाक दानव जैसा कहना अनुचित नहीं होगा, क्योंकि सोशल मीडिया को किसी भी तंत्र ने नियंत्रित करने की जिम्मेदारी नहीं निभाई है। इस पर परोसी जाने वाली सामग्री की प्रमाणिकता की जवाबदेही तय नहीं की गई है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामले में संज्ञान लेने और सरकार के हस्तक्षेप तक बहुत देर हो चुकी होती है। युवाओं और बच्चों के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। कुछ देश सोशल मीडिया के नियमन के सख्त कानून बना रहे हैं।*

किसी भी नई तकनीक के सकारात्मक और नकारात्मक दो पहलू होते हैं। वर्तमान में सोशल मीडिया का विस्तार तेजी से हुआ है। कई मामलों में यह वरदान की जगह अभिशाप साबित हो रहा है। खतरनाक दानव जैसा कहना अनुचित नहीं होगा, क्योंकि सोशल मीडिया को किसी भी तंत्र ने नियंत्रित करने की जिम्मेदारी नहीं निभाई है। इस पर परोसी जाने वाली सामग्री की प्रमाणिकता की जवाबदेही तय नहीं की गई है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामले में संज्ञान लेने और सरकार के हस्तक्षेप तक बहुत देर हो चुकी होती है। युवाओं और बच्चों के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। कुछ देश सोशल मीडिया के नियमन के सख्त कानून बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर ज्यादातर भ्रामक जानकारी से छवि धूमिल की जा रही है। यदि किसी ने भ्रामक पोस्ट को आगे बढ़ा दिया, वह भी दोषी हो जाता है। सोशल मीडिया से अवसाद, तनाव, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और कई बार अपराध तक हो जाते हैं। बच्चों का ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताने से दृष्टि दोष तथा अन्य बीमारियां होती हैं। ट्रेन, बस और कार्यालयों में काम से फुर्सत मिलने पर कुछ साल पहले लोग आपस में बात करते थे। अब मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं। कई घरों में महिला व पुरुष अपने बच्चों के साथ व्यावहारिक बातचीत तक नहीं करते। मोबाइल जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। घर से लेकर समाज के अन्य क्षेत्रों में कोई किसी से संवाद करते हुए कम दिखता है। एक तरह से लोग दूसरों से कट गये हैं। अकेलापन और अलगाव की समस्या पैदा हो रही है। साइबर ठग सक्रिय हो गये हैं। उच्च शिक्षित व्यक्तियों से भी डिजिटल अरेस्ट के तहत लाखों रुपये ठगे जाने के मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं। सोशल मीडिया ने अनेक परिवार तबाह कर दिये हैं। किशोर और युवा ही नहीं प्रौढ़ उम्र की महिलाएं झांसे में आ जाती हैं। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप से बचाव के लिए लॉकडाउन लागू किया गया। स्कूल बंद होने पर डिस्टेंस स्टडी के तहत बच्चों को घर पर ही पढ़ने का विकल्प चुना गया। घर में कम्प्यूटर, लैपटॉप नहीं होने पर अभिभावकों ने बच्चों को मोबाइल उपलब्ध कराये। बीमारी का खात्मा होने पर स्कूल खुल गये, लेकिन बच्चों को मोबाइल की लत लग गई। स्कूलों में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध है। छात्र-छात्राएं घर आकर किताब की जगह मोबाइल हाथ में ले लेते हैं। किशोर उम्र के विद्यार्थियों को मोबाइल नहीं दिलाने पर आत्महत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं।

# मानसून को लेकर जिला प्रशासन हाई अलर्ट

## एडीएम की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मानसून अवधि में संभावित आपदाओं के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आईआरएस प्रणाली के अधिकारियों सहित जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नगर आयुक्त नगर निगम रुद्रपुर एवं काशीपुर तथा जनपद ऊधम सिंह नगर की सभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी भारी से बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली तथा तीव्र वर्षा की चेतावनी के मद्देनज़र सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करने, संचार व्यवस्था सुचारू रखने, मोटर मार्गों को शीघ्र खुलवाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने तथा बाढ़ नियंत्रण कक्षों को 24म7 संचालित रखने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगमों एवं नगर निकायों को नालियों एवं कलवर्टों की तत्काल सफाई कर जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने, विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय पर उपलब्ध रहने तथा अपने मोबाइल फोन निरंतर चालू रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम ने निर्देशित किया कि मानसून अवधि के दौरान किसी भी आपदा की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी बिना किसी विलंब के राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करें तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को तत्काल सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## प्रशासन अलर्ट, नालों और गोला नदी किनारे 150 भवन चिह्नित, नोटिस जारी

**हल्द्वानी।** आगामी मानसून के दौरान संभावित जलभराव और बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। संभावित आपदा से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और राजस्व उप निरीक्षक काठगोदाम ने रक्सिया नाला, कलसिया नाला, देवखड़ी नाला तथा गोला नदी से सटे संवेदनशील इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान करीब 150 भवनों एवं अन्य संरचनाओं को संभावित रूप से प्रभावित होने वाला चिन्हित किया गया। इन सभी भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर आगाह किया गया कि मानसून के दौरान जलस्तर किसी भी समय अचानक बढ़ सकता है, जिससे जान-माल का खतरा उत्पन्न हो सकता है। प्रशासन ने संबंधित परिवारों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और आवश्यकता पड़ने पर बिना देरी सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

## लापता नाबालिग लड़कियों को बरामद कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

गदरपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से लापता दो नाबालिग लड़कियों को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर नाबालिगों को बहला फुसलाकर व शादी का झांसा देकर भगा कर ले जाने का आरोप है।पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति ने कोतवाली गदरपुर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 6 जून 2026 को उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एक अन्य मामले में भी नाबालिग लड़की के भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों नाबालिग लड़कियों की तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों नाबालिग लड़कियां दो युवकों के पास है। कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस ने दोनों को मौके पर पहुंच गिरफ्तार किया और दोनों नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। पुलिस पूछताछ में दोनों नाबालिक पीड़िताओं ने बताया कि दोनों अभियुक्त उनको बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगाकर ले गए। दोनों आरोपी नाबालिगों को मुरादाबाद, चंडीगढ़, पंजाब समेत कई अन्य जगहों पर ले गए। दोनों आरोपियों पर गलत काम करने का आरोप लगाया। पुलिस ने नाबालिगों का मेडिकल परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई मोहन सिंह बोहरा,हिला मेघा शर्मा,गायत्री कार्की, कैलाश राम आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**गिरफ्तार अभियुक्त:** मोहित निवासी विजय रम्पुरा थाना केलाखेड़ा। इन्दर निवासी पाखड़वाला ग्राम चन्दनपुरा थाना गदरपुर।

## तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया,कोर्ट में पेशी की कार्रवाई

रुद्रपुर। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में वारंटियों,वांछितों के खिलाफ आपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोतवाली रुद्रपुर की चौकी बगवाड़ा पुलिस ने तीन वारंटियों को धरदबोच लिया। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। जनपद में वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन प्रहार के तहत एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी,सीओ सिटी विभव सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश दानू एवं एसएसआई खुशवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में वारंटियों, वांछितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाय, इस अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों वारंटियों को गिरफ्तार किय। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि आईपीसी से संबंधित अजय साहनी उर्फ चीकू , चन्दन साहनी निवासी बगवाड़ा भट्टा रूद्रपुर और अनरजीत साहनी निवासी दक्ष रोड बगवाड़ा निकट ग्रीन व्यू कालोनी, थाना रुद्रपुर कोर्ट में तारीख पर नहीं पहुंच रहे थे। इस पर कोर्ट से वारंट जारी हुए। प

# फिल्मी दुनिया

## एक्टिंग तो खत्म हो गई, सनी देओल ने फैंस की अटकलों को किया खारिज





*सनी देओल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इक्का की रिलीज के लिए तैयार हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक्टर का ओटीटी डेब्यू है। इसमें अक्षय खन्ना, तिलोत्तमा शोम और दीया मिर्जा भी अहम रोल में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें बॉर्डर के लगभग तीन दशक बाद सनी और अक्षय एक साथ स्क्रीन पर दिख रहे हैं। रिलीज से पहले, सनी 9 जुलाई को मुंबई में अपने बेटों के साथ इक्का की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। इवेंट के दौरान, एक्टर ने अपने चर्चित क्लीन-शेव वाले लुक पर रिएक्शन दिया।*

*इक्का की स्पेशल स्क्रीनिंग में सनी देओल की मौजूदगी ने फिल्म से कहीं ज्यादा लोगों का ध्यान खींचा। चेक्ड शर्ट, जींस और कैप वाले कैजुअल आउटफिट में एक्टर ने अपने क्लीन-शेव मेकओवर से सभी को हैरान कर दिया। नए लुक को देखकर फैंस ने अंदाजा लगाया कि यह नितेश तिवारी की रामायण के लिए हो सकता है। हंसते हुए अफवाहों का जवाब देते हुए, सनी ने इन थ्योरीज को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा आजकल लोग लुक्स के पीछे ज्यादा रहते हैं। सब लुक्स के बारे में है और एक्टिंग तो पूरी तरह खत्म हो गई है।*

### बेटा कहने पर दी प्रतिक्रिया

*दिलचस्प बात यह है कि जब इक्का का ट्रेलर रिलीज हुआ, तो एक बात जिसने सबका ध्यान खींचा, वह थी सनी देओल को इंट्रोड्यूस करने का तरीका। सिर्फ उनका नाम दिखाने के बजाय, मेकर्स ने उन्हें धर्मेंद्र का बेटा सनी देओल के तौर पर दिखाया।*

*इस फैसले के बारे में पूछे जाने पर, सनी ने जवाब दिया पापा के बेटे हैं और क्या है? अच्छा काम करते हैं तो अच्छा लगता है कि पापा खुश होंगे कि उनके बेटे अच्छा काम कर रहे हैं।*

## उपनल संविदा कर्मियों के मामले में हाईकोर्ट गंभीर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**अदालत से**

- कहा-पूर्व के आदेशों पर आज तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया जो कोर्ट की अवमानना है
- कार्मिक सचिव को 15 जुलाई को कोर्ट में किया तलब

हाईकोर्ट ने उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ की अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए कार्मिक सचिव को 15 जुलाई को कोर्ट में तलब किया है ।

मामले कि सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। आज हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके नियमतिकरण के लिए सरकार को नियमावली में संशोधन करना पड़ेगा इसलिए उन्हें समय दिया जाय। जिसपर कोर्ट ने सखत रुख अपनाते हुए कहा कि पूर्व के आदेशों पर आज तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया जो कोर्ट की अवमानना है। उपनल कर्मचारी संघ की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें समान कार्य समान वेतन दिये जाने के लिए बांड भरने का दबाव डाला जा रहा है। जो गलत है। प्रदेश सरकार द्वारा कोर्ट के आदेश का पालन न कर कोर्ट से सरकार द्वारा बार बार अतिरिक्त समय की मांग की जा रही है जिसे लेकर प्रदेश भर के उपनल कर्मियों में आक्रोश है।

मामले के अनुसार उपनल कर्मचारी संघ द्वारा उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर कर कहा गया है कि 2018 में हाई कोर्ट ने उपनल संविदा कर्मचारियों को सरकारी नौकरी में नियमितीकरण का आदेश दिया था। जिसके बाद सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार को 2024 में झटका और संविदा कर्मचारियों के हक में फैसला दिया था। जब हाईकोर्ट में इस पूरे मामले में अवमानना याचिका दाखिल हुई तो सरकार पिछले एक साल से मामले को लटका रही है।

# जन-जन की सरकार जन के द्वार शिविर में सैकड़ों लोगों की समस्याओं का निस्तारण

कोटाबाग/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



राज्य सरकार के सेवा, सुशासन एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड कोटाबाग के विकास खण्ड सभागार में जन जन की सरकार जन के द्वार कार्यक्रम के तहत वृहद जन कल्याणकारी शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में क्षेत्र की जनता ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके द्वार पर उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा। शिविर में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 16 नवोदित उद्यमियों को कुल 13 लाख रुपये के उपादान के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना के तहत 4 महिलाओं को किट प्रदान किए गए।शिविर में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से दी गई जानकारी उद्योग, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक, होम्योपैथी खाद्य सुरक्षा, राजस्व, पंचायतीराज, वन, श्रम, सेवायोजन, विद्युत, पेयजल,सहित विभिन्न कुल 27 विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाए गए। इन विभागों से आए अधिकारियों ने उपस्थित जनता को स्वरोजगार, कृषि यंत्र अनुदान, उद्यान योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति जैसी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों, स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं एवं महिलाओं को उद्यम स्थापना, बैंक से ऋण, वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण तथा बाजार उपलब्धता के संबंध में विशेष मार्गदर्शन किया गया।शिविर में अधिकांश जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

शिविर में सांसद नैनीताल-उधमसिंगनगर अजय भट्ट,विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत एवं अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद नैनीताल-उधमसिंह नगर अजय भट्ट ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह जन जन की सरकार जन जन के द्वार शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में जिन समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाया है संबंधित विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाये ।विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत ने कहा कि इस तरह के शिविरों से सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ रही है।

## News कॉर्नर

### लैंडों लीग फुटबाल प्रतियोगिता गलैक्सी इलेवन व यूनिवर्सल के खिलाड़ी छाए

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 103वीं लैन्डो लीग फुटबाल प्रतियोगिता में बीरवार को दो मैच खेले गए। आज के पहले मैच में गैलेकसी इलैवन ने सैम स्ट्राइकर को 7-0 से हराया जिसमें सौमया ने 3 प्रांजल ने 2 गोल किए।

आज का दूसरा मैच यूनिवर्सल इलैवन और सेरटा बोनम के बीच खेला गया। इस मैच को यूनिवर्सल ने 3-1 से जीत लिया। कुणाल ने 2 सुनील ने 1 तथा लक्ष्य ने 1 गोल किया।आज के मैच के रैफरी ब्रिजेश बिष्ट व अनिल व अब्बास रहे। डीएसए के महासचिव मनोज जोशी के नेतृत्व मे प्रतियोगिता को सफल बनान में पवन खडायत, खीमराज देउपा, शैलेन्द्र बर्गली,हरीश जोशी, वीरेन्द्र साह, जलज बर्मा, डा. मनोज सिंह बिष्ट, सन्तोष साह तथा उमेश मेहता आदि खेल प्रेमी जुटे रहे।

# टोल पास जारी न होने पर नैनीताल टैक्सी यूनियनों का पालिका में जोरदार प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




**चेताया**

- जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा

स्थानीय टैक्सी चालकों को टोल पास जारी नहीं किए जाने के विरोध में बीरवार को नैनीताल की विभिन्न टैक्सी यूनियनों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यूनियन पदाधिकारियों ने प्रशासन पर बार-बार आश्वासन देने के बावजूद व्यवस्था लागू नहीं करने का आरोप लगाते हुए सभी टैक्सी वाहनों के लिए शीघ्र टोल पास जारी करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत टैकसी वाहनों के नैनीताल शहर में प्रवेश पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों पर रोक लगी थी। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष दीपक मटियाली ने बताया कि इसी मामले में हाईकोर्ट ने तीन मई को शहर की 400 टैक्सी वाहनों को पास देने के निर्देश दिए थे। लेकिन कई बार पालिका में जाने के बाद भी पास नहीं बनाए गए हैं। बताया कि पालिका के अधिकारियों का कहना है कि आरटीओ की ओर से लिखित में मिले तो वह पास देंगे। कहा कि टोल पास नहीं मिलने से स्थानीय चालक लगातार असमंजस और आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि स्थानीय टैक्सी चालकों को अपने ही शहर में प्रवेश के लिए शुल्क अदा करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि नगर पालिका बिना किसी और देरी के सभी पात्र टैक्सी वाहनों के टोल पास जारी करे। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो टैक्सी यूनियनें व्यापक आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगी। प्रदर्शन में तल्लीताल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रमेश जोशी, सचिव दीवान रौतेला, उपसचिव राहुल शाह, संरक्षक प्रवीण बिष्ट, उपाध्यक्ष गोविंद पवार सहित ललित जोशी, सुनील जोशी, निर्मल जीवन मिरोला, पुनीत साह, विक्की और बड़ी संख्या में टैकसी चालक एवं यूनियन सदस्य मौजूद रहे। मामले में पालिका की पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा कि कोर्ट से 2017 से पूर्व के 400 वाहनों को पास देने के निर्देश मिले हैं। पास के लिए व्यक्ति को अपना नैनीताल का स्थायी प्रमाण पत्र और वोटर आईडी की कॉपी जमा करनी होगी। इसके बाद पालिका की ओर से विचार किया जाएगा।

# रानीबाग-भीमताल रोपवे निर्माण को दर्जा राज्यमंत्री ने सीएम को सौंपा पत्र

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

आवास सलाहकार परिषद उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री ) भावना मेहरा ने बीरवार को देहरादून में मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर रानीबाग-भीमताल रोप वे परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग करते हुवे इस संबंध में मुखयमंत्री को एक विस्तृत पत्र भी सौंपा।

भावना मेहरा ने कहा कि रानीबाग-भीमताल रोप.वे परियोजना क्षेत्र के पर्यटन और आधारभूत विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि परियोजना की व्यवहार्यता (फि जिबिलिटी) रिपोर्ट अध्ययन के लिए उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को अधिकृत किया जा चुका है। प्रस्तावित योजना के तहत रानीबाग से भीमताल तक किलोमीटर लंबा रोप.वे विकसित किया जाना प्रस्तावित है। मेहरा ने कहा कि रोप.वे के निर्माण से भीमताल आने वाले पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी इससे सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव एवं जाम की समस्या में कमी आएगी यात्रा समय घटेगा तथा स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मुहैया होगी।



# चोरगलिया रोड की सुरक्षा दीवार का कार्य पूरा करने की कवायद तेज, नए अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मानसून के बीच चोरगलिया रोड पर अधूरी पड़ी सुरक्षा दीवार को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य में तेजी लाने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के नव नियुक्त अधीक्षण अभियंता राजेश पंत ने कार्यभार संभालते ही रेलवे क्रॉसिंग से गोला पुल को जोड़ने वाले मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता प्रत्युष कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा दीवार और सड़क के पुनर्निर्माण कार्य की स्थिति का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में कार्य पूरा करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान इस मार्ग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसके बाद सुरक्षा दीवार और सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। लेकिन कई महीने बीतने के बावजूद निर्माण अधूरा होने से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में नाराजगी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान अधूरी सुरक्षा दीवार दुर्घटना का कारण बन सकती है।

अधीक्षण अभियंता राजेश पंत ने बताया कि विभाग शेष कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु यातायात के लिए तैयार किया जाएगा।



### हाईकोर्ट से गौ मांस की तस्करी करने के आरोपी उस्मान की अग्रिम जमानत मंजूर

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने रुड़की के खेलपुर में गौ मांस की तस्करी करने के आरोपी उस्मान की अग्रिम जमानत मंजूर की है ।

मामले पर सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ में हुई । कोर्ट ने इस मामले में सरकार से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने यह भी कहा है कि घटना स्थल की जो वीडियोग्राफी की है उसे भी पेश की जाय।

# जिला विकास अधिकारी संतोष पंत ने संभाला कार्यभार

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के नवनियुक्तत जिला विकास अधिकारी संतोष पंत ने बीरवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इससे पूर्व भीमताल विकास भवन स्थित कार्यालय में पहुंचने पर पंत का कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी वर्ग ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यालय के सभी कर्मचारियों से बारी-बारी से परिचय हासिल करने के बाद विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वह लगन व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। दूसरी ओर जिला विकास अधिकारी संतोष पंत ने कहा कि जन समस्याओं के निराकरण के साथ ही सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा।

# मानसून के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले की सीएमओ डा.रश्मि पंत ने बीरवार को वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं बीपीएमयू की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ डा.पंत ने मानसून सत्र के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे तथा



स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ डा. पंत ने समस्त 8 विकासखंडों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाओं की समय से लाइन लिस्टिंग सुनिश्चित की जाए। मानसून एवं संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यकता पडने पर गर्भवती महिलाओं को समय रहते सुरक्षित स्थानों एवं निकटतम स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी स्थिति में प्रभावित न हों। डॉ. रश्मि पंत ने एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्षित लाभार्थियों का शत.प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर मुखय चिकित्सा अधिकारी डा. कुमोद पंत , डॉ अजय शर्मा डॉ संजीव खर्कवाल अपर मुखय चिकित्सा अधिकारी, मदन मेहरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्र5मों के नोडल अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएमयू सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।